Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title: Need to accord the status of Central University to Jai Narayan Vyas University, Jodhpur and to open an IIT in Jodhpur, Rajasthan - laid.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय है। यह विश्वविद्यालय राजस्थान का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। इस विद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग मैंने कई बार उठायी है। एक बार पुनः मैं मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि जयनारयण व्यास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये एवं राजस्थान प्रदेश में एक आई.आई.टी कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि आई.आई.टी जोधपुर में खोली जाये। इस प्रकार का निर्देश मानव संसाधन विकास मंत्री राजस्थान सरकार को देवे।